भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 564
07 फरवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए

सब्जियों और फलों के क्षेत्र में ऑपरेशन ग्रीन्स

564. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सब्जियों और फलों के क्षेत्र में ऑपरेशन ग्रीन्स के अंतर्गत आम की फसल के लिए आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में 117 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है;

(ख) यदि हां, तो परियोजनाओं की मंजूरी की तिथियों, सहायता अनुदान और परियोजनाओं के पूरा होने के अनुमानित समय का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उपर्युक्त प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क): हाँ महोदय।

(ख) और (ग): ऑपरेशन ग्रीन्स के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्वीकृत तीन आम परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

दिनांक 07.02.2025 को "सब्जियों और फलों के क्षेत्र में ऑपरेशन ग्रीन्स" के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 564 के भाग (ख) और (ग) में सन्दर्भित अनुबंध

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्वीकृत आम परियोजनाओं का विवरण

क्रम सं	आवेदक का नाम	अनुमोदन का दिनांक	कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए में)	स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपए में)	जारी किया गया अनुदान (करोड़ रुपए में)	कार्यान्वयन की स्थिति
1.	आप्ति एंटरप्राइजेज	21-11-2023	41.19	15.00	8.38	जारी (67% वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति की सूचना)
2.	जीसीआर फूड्स एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड	09-11-2022	40.05	10.96	3.65	जारी (33% वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति की सूचना)
3.	लक्ष्य एंटरप्राइजेज	09-11-2022	35.82	14.91	9.94	परियोजना के पूरा होने की सूचना

*****